बारां पत्रिका प्राइम

अंता . छबड़ा . अटरू . किशनगंज . मांगरोल . छीपाबड़ौद . शाहाबाद **राजस्थान पत्रिका.** बारां, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

दो साल से लापता द्वारिका को देख आंखें हुई नम

पत्रिका ह्यूमन एंगल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कवाई. राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड ऐंटी करप्शन मिशन और श्रद्धा फाउंडेशन मुंबई के प्रयास रंग लाए। श्रद्धा फाउंडेशन ने रविवार को द्वारिका लाल मीणा निवासी देवपुरिया को परिजन से मिलवा दिया। यह युवक भटकते-भटकते कोलकाता पहुंच गया था। वहां की संस्था ने उसे भर्ती किया और फिर कर्जत के श्रद्धा फाउंडेशन मुंबई में उपचार के लिए भेजा। धीरे-धीरे उसकी मानसिक स्थिति में सुधार आया और इसने अपना पता बताया। संस्था के सोशल वर्कर राकेश कुमावत ने नाहरगढ़ निवासी राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन के शमशाद खान रंगीला से संपर्क साधा। उन्होंने गांव में संपर्क किया। शमशाद खान और श्रद्धा फाउंडेशन की टीम की मदद से द्वारिका लाल सकुशल अपने घर पहुंच पाय। रविवार को संस्था के राकेश कुमावत, मनीषा, नीलेश और आबिद इसे एम्बुलेंस से लेकर मीणा का देवीपुरिया मोठपुर पहुंचे। यह देख द्वारिका लाल के परिवार वाले और ग्रामवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसके भाई ने बताया कि यह 2 वर्षो से घर से लापता था।